




## इंदौर-उज्जैन मार्ग से ट्रक में भरी मिली 45 लाख की अवैध बीयर

- नानाखेड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई,
- दो युवकों से पूछताछ जारी

**उज्जैन।** इंदौर उज्जैन मार्ग के निनोरा टोल से शनिवार-रविवार रात में सूचना मिलने पर पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा। जिसमें बीयर की पेटियां भरी हुई थीं। दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि गुजरात पासिंग ट्रक क्रमांक जीजी 17 यू यू 9877 में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है जो इंदौर की ओर जा रहा है। सूचना पर उप निरीक्षक हेमंत सिंह जादौन, अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, आरक्षक मुकेश मालवीय, कमल जसौदिया, अनिल हाड़ा, जगदीश सोनी, राजेश की टीम बनाई गई और ट्रक को निनोरा के समीप रोका गया। जिसमें रवि पिता जुबान सिंह चौहान 22 साल और गमरा पिता सुरसिंह गुजरिया 26 साल निवासी ग्राम रामसिंह कि चौकी थाना अलीराजपुर जिला अलीराजपुर सवार थे। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 900 पेटी बीयर की भरी होना पाई गई। पूछताछ में बीयर और परिवहन संबंधित दस्तावेज नहीं पाए गए। मामला अवैध परिवहन का होने पर ट्रक को जब्त किया गया और दोनों को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया गया। ट्रक 55 लाख कीमत का होना सामने आया है। उसमें भरी शराब 45 लाख रुपए की है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि इतनी मात्रा में बियर कहां से कहां ले जाए जा रही थी।

### बाइक सवार युवकों को आयशर ने कुचला, एक की मौत

उज्जैन। काम खत्म होने पर बाइक से तराना लौट रहे दो युवकों को आयशर ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को अस्पताल लाया गया। जहां एक की मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया। घायल का उपचार चल रहा है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि कानीपुरा मार्ग पर बनी मल्टी के सामने शनिवार देर शाम बाइक सवार दो युवकों को तेज गति से आई आयशर ने कुचल दिया था। गंभीर रूप से घायल हुए युवको को तत्काल चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पता चला कि एक का नाम समीर पिता शब्बीर 21 साल और दूसरा सोहेल निवासी मदारबड़ तराना है। घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। इस बीच गंभीर घायल समीर की रात में मौत हो गई। सुबह एसआई दिनेश भट्ट ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि समीर और सोहेल पेंटरी का काम करते थे। शनिवार को काम करने उज्जैन आए थे जहां से देर शाम वापस तराना लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार आयशर चालक की तलाश की जा रही है।

## खोया-पाया के बीच मुस्कुराया भविष्य, पुलिस बनी सहारा

### तनाव से खुशी तक 15 मिनट में बदली छात्र-छात्रा की किस्मत, सक्रियता और संवेदना का संगम, पुलिस ने जीता भरोसा

### महाकाल थाना पुलिस ने फिर पेश की मिसाल

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं और अपनों से बिछड़ जाते हैं। अन्य देवालय शिवालय में भी दर्शन करने जाते हैं। स्नान करने के लिए भी मोक्षदायनी मां शिप्रा के तट पर पहुंचते हैं। ऐसे में बिछड़ों से मिलने का जो जिम्मा थाना महाकाल पुलिस ने जिस तरह से ले रखा है, वह अपने आप में पूरे देश में उदाहरण है।

ऐसा ही एक और मामला सामने आया है जब छात्र-छात्राएं परीक्षा न देने को लेकर तनाव में थे बावजूद इसके एक बार फिर महाकाल थाना पुलिस ने मोर्चा संभाला। इस बार नीट परीक्षा में अभ्यर्थियों के लिए संकटमोचक बनी उज्जैन महाकाल थाना पुलिस जिसमें महज 15 मिनट में फोटो उपलब्ध कराकर छात्र-छात्रा को परीक्षा में अवसर दिलाया। जिसके बाद मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है।

रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विभिन्न जिलों एवं अन्य स्थानों से उज्जैन पहुंचे अभ्यर्थियों की सहायता हेतु उज्जैन पुलिस द्वारा सराहनीय एवं मानवीय पहल की गई। इसके अतिरिक्त एक अन्य छात्रा जो गलत परीक्षा केंद्र पर पहुंच गई थी को भी ए एस आई चंद्रभान सिंह चौहान ने तत्परता दिखाते हुए सही परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित एवं शीघ्र पहुंचाया गया। उल्लेखनीय है कि छात्र को परीक्षा प्रवेश के अंतिम 5 मिनट पूर्व ही केंद्र पर पहुंचा दिया गया। जिससे वह परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित नहीं हुआ। उज्जैन पुलिस की यह पहल न केवल कर्त्तव्यनिष्ठा का उदाहरण है। बल्कि यह दर्शाती है कि पुलिस आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगी दृष्टिकोण रखती है।



### सीएसपी और टीआई ने संभाला मोर्चा, चौहान ने दिखाई तत्परता

नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली राहुल देशमुख के निर्देशन एवं थाना प्रभारी महाकाल निरीक्षक गगन बदल के मार्गदर्शन में थाना महाकाल क्षेत्र अंतर्गत एक छात्र जो महिदपुर से अकेले परीक्षा देने उज्जैन आया था। परीक्षा केंद्र पर आवश्यक दस्तावेजों की जांच के दौरान यह पाया गया कि उसके पास अनिवार्य पासपोर्ट साइज फोटो उपलब्ध नहीं थी। परीक्षा प्रारंभ होने का समय अत्यंत निकट होने के कारण छात्र अत्यधिक चिंतित एवं व्याकुल हो गया। उक्त स्थिति को देखते हुए थाना महाकाल में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह चौहान ने त्वरित संवेदनशीलता एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए तत्काल आवश्यक व्यवस्था कर छात्र की फोटो मात्र 15 मिनट के भीतर बनवाकर उसे उपलब्ध कराई गई। जिससे छात्र समय पर परीक्षा में सम्मिलित हो सका।

## शिविर में 25 लोगों को कृत्रिम अंग प्रत्यारोपित

**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन व मध्य प्रदेश रीजन द्वारा आयोजित एवं जैन सोशल ग्रुप उज्जैन मैत्री के संयोजन में दिव्यांग शिविर लगाया गया। शिविर में 25 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंगों का प्रत्यारोपण किया गया।

अभिषेक सेठिया ने शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों ने डॉक्टर टीम का सम्मान किया। सेवा कार्य के लाभार्थी अभय कुमार अभिषेक कुमार सेठिया परिवार का बहुमान किया। शिविर में विधायक अनिल जैन




कालूहेड़ा, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, पारस जैन, अभय सेठिया, राहुल चपड़ोद, दीपेंद्र कोठारी, अश्विन मेहता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर टीम मैत्री से संजय सोनी प्रदीप पिपाड़ा पवन दाता संदीप बाफना, मनोज जैन, लोकेश जैन, अजय जैन, प्रतीक बाफना और सुलभ बाफना आदि सदस्य मौजूद रहे।

## महापौर पहुंचे गऊघाट फिल्टर प्लांट निरीक्षण को सभी पंप मिले चालू

**उज्जैन।** रविवार को महापौर मुकेश टटवाल ने गऊघाट स्थित जल यंत्रालय फिल्टर प्लांट का निरीक्षण जलकार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट के सभी पंप चालू अवस्था में पाए गए। साथ ही पानी की शुद्धता की भी जांच की गई जिसमें पानी साफ एवं स्वच्छ पाया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गऊघाट फिल्टर प्लांट के साथ-साथ अंबोदिया प्लांट के सभी पंप चालू अवस्था में हैं। प्लांट पर कभी-कभी विद्युत सप्लाई बाधित होने के कारण पंप बंद हो जाते हैं। जिसके कारण प्रेशर पूरा नहीं मिल पाता है। साथ ही शहर में मार्ग चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य प्रचलित है। जिसके कारण पीएचई की लाइन क्षतिग्रस्त एवं लीकेज हो जाता है। जिसका समय रहते संधारण कार्य कर लिया जाता है। वर्तमान में गंभीर डेम में 608 एमसीएफटी पानी की क्षमता है, जिससे 60 दिन तक जलप्रदाय किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री आशीष जाट, सब इंजीनियर नितिन बिसेन उपस्थित रहे।

### एक नजर में




### ज्ञान में ही शक्ति है, कमी को बनाएं विशेषता

**उज्जैन।** जज़्बा सोशल फाउंडेशन ने सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में जारी समर कैंप के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरुण गुप्ता ने कहा कि ज्ञान में ही शक्ति है। जीवन में अभावों से कभी घबराना नहीं चाहिए। किताबों से अच्छा कोई साथी नहीं होता, इसलिए इन्हें अपना दोस्त बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी कमी को ही अपनी विशेषता बनाएं। मेहनत में कोई कमी न रखें और पूरी ताकत से प्रयास करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करें। आप जो भी पढ़ें या सीखें, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत इंजीनियर सरफराज कुरैशी, नईम खान, हारून नागौरी, अतहर आलम अंसारी, इरशाद नागौरी और भुरू शेख ने किया। स्वागत भाषण इंजीनियर सरफराज कुरैशी ने दिया तथा संचालन नईम खान ने किया। इस अवसर पर परवेज़, शादाब लाला, ज़हीर शेख, शाइस्ता परवीन, शाहिना और आमिर कुरैशी विशेष रूप से उपस्थित थे।




### वैदिक पद्धति से सामूहिक उपनयन संस्कार

**उज्जैन।** श्री हनुमान मंडल, श्री गणेश वैदिक आश्रम और आनन्दी मित्र मंडल उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 37वां सामूहिक उपनयन (मुंज) संस्कार आयोजित किया गया। वेदनगर स्थित गुजराती समाज में हुए इस आयोजन में विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों ने उपनयन संस्कार में भाग लिया। श्री गणेश वैदिक आश्रम की वेदमूर्तियों द्वारा संपूर्ण वैदिक पद्धति से यह संस्कार संपन्न करवाया गया। श्री हनुमान मंडल द्वारा 37 वर्षों से सामूहिक उपनयन संस्कार किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### सीएम की मंशा अनुसार होंगे कर्मचारियों के कार्य

**उज्जैन।** रमेश चंद्र शर्मा को दूसरी बार राज्य कर्मचारी कल्याण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उज्जैन आगमन पर संघ के पदाधिकारियों ने शर्मा का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने रमेश चंद्र शर्मा को महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर तथा पुष्पमाला व गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान शर्मा ने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों से जुड़े सभी कार्य मुख्यमंत्री की मंशानुरूप किए जाएंगे। सुरेश रायकवार ने बताया कि इस अवसर पर हेमराज घावरी, मुकेश रायकवार, गुलशन मंसूरी, भैरुलाल मालवीय, सुनील खत्री और जिला सहायक सचिव अलीम पठान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### महापौर मुकेश टटवाल करेंगे आज श्रमदान

**उज्जैन।** स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान एवं नागरिकों से संवाद अभियान अंतर्गत सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सोमवार को 4 वार्डों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महापौर मुकेश टटवाल द्वारा, वार्ड क्रमांक 3 मंगल कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 27 मदार गेट तोपखाना, वार्ड क्रमांक 45 बागपुरा, वार्ड क्रमांक 41 महावीर एवेन्यू, पर स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिसमें नाले नालियों की सफाई, श्रमदान इत्यादि गतिविधियों में सम्मिलित होंगे।

## नगर भ्रमण पर निकले श्रीराधाकृष्ण

**उज्जैन।** कतिया बाखल स्थित लगभग 200 वर्ष प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में चल रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिन शनिवार शाम भगवान की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शनिवार सुबह नित्य पूजन, शर्कराधिवास और फलाधिवास के अनुष्ठान संपन्न हुए।

शाम 5 बजे से भगवान राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सजे-धजे रथ पर विराजमान भगवान की यह शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंची। आयोजन को सफल बनाने में कतिया समाज सेवा समिति के अध्यक्ष फतेहचंद बाघेला पप्पू भैया, उपाध्यक्ष मांगीलाल चंवरासिया, सचिव घनश्याम नागमोतिया, सह सचिव विजय सिंह



नागमोतिया, कोषाध्यक्ष बाबुलाल अट्नेरिया सहित सदस्य ओमप्रकाश धर्मपुरिया, नंदकिशोर मालापुरी, सुरेन्द्र सिसोदिया, उमेश अट्नेरिया, संतोष चंवरासिया, घनश्याम चंवरासिया, ओमप्रकाश बड़गोतिया, जगदीश रवि गुजरिया और मितेश नागमोतिया सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजक समिति ने शहर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से रविवार को प्राण प्रतिष्ठा और महाप्रसादी में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

## शादी दो दिन बाद मायके आई दुल्हन ने खाया जहर

- उपचार के दौरान रात 12 बजे मौत, कारण अज्ञात

**उज्जैन।** ग्राम बाढ़ कुम्मैद से 23 वर्षीय महिला को परिजन गंभीर हालत में उज्जैन लेकर पहुंचे थे। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान रात 12 बजे महिला की मौत हो गई। 15 दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी और 2 दिन बाद ही ससुराल से मायके आ गई थी।

बताया जा रहा है कि बाढ़ कुम्मैद में रहने वाली सपना पति हर्षदीप सोलंकी 23 वर्ष को परिजन शनिवार शाम को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सपना ने जहरीला पदार्थ खाया था उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई अजय ने बताया कि सपना की शादी 11 अप्रैल को हुई थी वह अपने ससुराल गई थी 13 अप्रैल को दादी गीता बाई का निधन होने पर मायके आ गई थी उसके बाद से मायके में रह रही थी। सपना का किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की बात कही गई है।

### पति से विवाद होने पर खाई नींद की गोलियां

तराना तहसील के नवाखेड़ा में रहने वाली सपना पति ईश्वर 35 वर्ष ने पति से विवाद होने के बाद नींद की गोलियां खाली हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है कि सपना मायके नैनावद शादी में गई थी। जहां पति से उसका विवाद हो गया था। शादी से लौटने के बाद ससुराल में भी दोनों के बीच कहा सुनी हुई और सपना ने मेडिकल से लाकर नींद की गोलियां खाली पूर्व में भी वह इसी तरह की हरकत कर चुकी है।

### उन्हेल में कार ने महिला को मारी टक्कर, महिला की मौत

उज्जैन/उन्हेल। रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गमी में में जा रहे परिवार को एक कार चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, वही तीन बच्चे सहित चार घायल हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें कार पांचों को रौंदते हुए दिख रही है। शहर से करीब 35 किलोमीटर दूर उन्हेल स्थित नई दिल्ली चौराहा निवासी जमीला बी 55 साल, तबस्सुम 40 साल, छह साल के बेटे इरशाद, 13 साल की शिफा ओर 8 साल के फरहान के साथ गमी के कार्यक्रम में जा रही थी। हादसे में जमीला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तबस्सुम, ईरशाद, शिफा और फरहान गंभीर घायल हो गए। चारों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चरक हॉस्पिटल में रैफर कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार आई कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मामले में उन्हेल टीआई संतोष चौहान ने बताया कि घायलों की स्थिति ठीक है। कार चालक के विरुद्ध केस किया है।

## अपनी भाषा को जो जिंदा रखे उसका करें सम्मान

### प्रेस क्लब पर मनाई गई महर्षि नारद जयंती

**उज्जैन।** भारतीय करण और राष्ट्रवाद दोनों अलग-अलग चीजें हैं। मुझे गर्व है इस मालवा की धरती पर, जो व्यक्ति अपनी भाषा को जिंदा रखे उसका सम्मान करना ही चाहिए। कभी भी पत्रकारिता में धर्म को नहीं लाना चाहिए।

उपरोक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार पांडे के हैं। आप महर्षि नारद जयंती के अवसर पर प्रेस क्लब पर आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रेस क्लब एवं विश्व संवाद केंद्र मालवा द्वारा आयोजित इस आयोजन में पत्रकारिता का भारतीय करण, जड़ों की और लौटती सूचनाओं विषय पर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखें और पत्रकारिता पर बात भी की। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने कहा कि अब जमाना सोशल मीडिया का और यही काम महर्षि नारद जी भी करते थे। आयोजन में अतिथि परिचय प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह हाड़ा ने किया। संचालन स्वामी मुस्कुराके ने किया, आभार सोहन कुमार उदेनिया ने माना। इस अवसर पर विश्व संवाद केंद्र मालवा के पदाधिकारी समेत वरिष्ठ पत्रकार साथी उपस्थित थे।




### अब अखबारों में गांव की खबर नहीं आती

आयोजन को संबोधित करते हुए डॉ. भावना पाठक ने कहा कि अब अखबारों में गांव की खबरें नजर नहीं आती। आपने कहा सोशल मीडिया ने हमें सबसे बड़ी ताकत प्रदान की। होना यह चाहिए कि हम ऐसे लोगों को एकत्रित करें जो नागरिक पत्रकार बनना चाहते हैं, उन्हें हम ट्रेनिंग दे और यह पहल प्रेस क्लब को करनी चाहिए।

## डिवाइडर और पुलों को धुलवाया



**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 अभियान अंतर्गत उज्जैन की सफाई व्यवस्था हेतु नगर निगम उज्जैन द्वारा निरंतर गतिविधियां, जन जागरूकता अभियान, श्रमदान इत्यादि आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में दिनांक 02 एवं 03 मई को दो दिवसीय विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहर के प्रमुख चौराहों पर स्थापित रोटरी, डिवाइडरों, रेलिंग एवं ओवर ब्रिज की धुलवाई का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में रविवार को जोन क्रमांक 05 वार्ड 41 अंतर्गत गोपालपुरा ब्रिज डिवाइडर की सफाई एवं धुलवाई का कार्य किया गया

### सेवा गतिविधियों के लिए सांदीपनि शाखा सम्मानित

**उज्जैन।** आगर मालवा में आयोजित भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिम प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला, अभ्युदय में पूरे वर्ष श्रेष्ठ सेवा गतिविधियां संचालित करने के लिए सांदीपनि शाखा उज्जैन को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करने के लिए, अध्यक्ष अनिल वैष्णव , उज्जैन महानगर समन्वयक डॉ. ईश्वर सिंह सिसौदिया, उज्जैन महानगर सह समन्वयक डॉ. राजेश पंड्या, प्रांतीय उपाध्यक्ष पराग काबरा, प्रांतीय महिला प्रमुख पूजा चित्तौड़ा, प्रांतीय शाखा पालक भूषण खुल्लर, डॉ. सरोज यादव, संस्कार प्रमुख पुष्पेंद्र चित्तौड़ा, उपाध्यक्ष पंकज चांदोरकर, महिला प्रमुख विनी अग्रवाल, राजेश सूद उपस्थित रहे।

एक नजर में — उज्जैन में महीनेभर श्रद्धालु 07 सागर, 84 महादेव, 09 नारायण की यात्रा करेंगे

## 17 मई से अधिक मास, 15 जून तक मांगलिक कार्य पर विराम



**उज्जैन।** 2018 के बाद इस बार अधिकमास ज्येष्ठ मास में आ रहा है। 17 मई से अधिक मास शुरू होगा जो 15 जून तक चलेगा। हर 3 साल के अंतराल से एक बार अधिक मास आता है। उज्जैन में अधिकमास में खास महत्व है। यहां अधिकमास में सप्तसागर, 84 महादेव और नौ नारायण की यात्रा की जाती है। देशभर के श्रद्धालु यहां यात्राएं करने आते हैं। पंडितों से पूजन करवाते हैं और दान-पुण्य भी करते हैं। अधिकमास में शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।

### महाकाल नगरी में पूर्व वायु सैनिकों ने किए दर्शन

उज्जैन। भारतीय वायु सेना चिकित्सा सेवा से सेवानिवृत्त नॉन कमीशंड अधिकारियों का एक दल अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत धर्म नगरी उज्जैन पहुंचा। शहर आगमन पर वायु सेना के इन पूर्व अधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया गया। सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मनीष गेहलोत ने दल की अगवानी कर उनका सत्कार किया। गौरतलब है कि डॉ. गेहलोत स्वयं भी दल के इसी बैच के प्रशिक्षित सदस्य रह चुके हैं। दल के उज्जैन प्रवास के दौरान डॉ. गेहलोत द्वारा उनके ठहरने, शहर भ्रमण और देव दर्शन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। इसके चलते दल के सभी सदस्यों ने महाकाल नगरी के प्रमुख धार्मिक स्थलों के सुगमता से दर्शन किए।

### न्यायाधीशों ने रखा इस्कॉन मंदिर में कार्यक्रम

जिले के न्यायाधीशों को तनाव मुक्त रखने के लिए उज्जैन के भरतपुरी में स्थित इस्कॉन मंदिर के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम रखा गया। जिसमें इस्कॉन के विद्वान पंडितों ने प्रवचन के जरिए न्यायाधीशों को तनाव से मुक्त रहने के उपाय बताए।